श्री बंशीधर नगर, शनिवार
15.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष तृतीया संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 172

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:34 बजे
अस्त - 05:44 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 14 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

मां चतुर्भुजी मंदिर में भव्य शतचंडी यज्ञ का शुभारंभ >> पेज 03 संगीतज्ञ विशाल ददलानी का एक्सीडेंट >> पेज 04

**सुविचार**

एक अच्छा विचार अनेक बुरे विचारों को नष्ट कर सकता है।

**न्यूज अपडेट्स**

### झारखंड में उत्तर पश्चिमी हवाओं से फिर लौटी ठंड

**रांची।** राज्य भर में उत्तर उत्तरी पश्चिमी हवाओं के चलने से ठंड फिर से लौट आई है। इन हवाओं के चलने से जहां रात में कनकनी बढ़ गई है। वहीं दिन में भी ठंड का एहसास हो रहा है। गुरुवार की तुलना में शक्रवार को न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। ठंड कम होने से लोग गर्म कपडे.रखने की तैयारी में थे, लेकिन ठंड बढने से लोगों को गर्म कपड़ों की फिर जरूरत महसूस होने लगी। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। उल्लेनखनीय है कि मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक तापमान में उतार चढाव होने की बात कही है। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 25.2 और न्यूनतम 5.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि जमशेदपुर में 32.2 और 12 डिग्री, डालटेनगंज में 29.6 और 9.3 डिग्री, बोकारो में 31.1 और 10.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 33.4 और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**कूटनीति** वाशिंगठन डीसी में पीएम मोदी व ट्रंप की संयुक्त घोषणा

# भारत को अमेरिका देगा एफ-35 लड़ाकू विमान



**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यहां हुई ऐतिहासिक मुलाकात के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में महत्वपूर्ण सामरिक घोषणा हुई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ संवाददाता सम्मेलन में यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने का फैसला किया है। इसका मकसद भारत को अत्याधुनिक स्टील्थ विमानों वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल करना है। प्रधानमंत्री मोदी से बेहद सौहार्दपूर्ण मुलाकात के बाद हुए संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इस साल अमेरिका भारत में सैन्य बिक्री को कई अरब डॉलर तक पहुंचाएगा। हमने भारत को एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान देने का रास्ता खोल दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत में अमेरिका तेजी के साथ सैन्य व्यापार बढ़ाएगा। महत्वपूर्ण यह है कि डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में पुनः वापसी के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह पहला दौरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी इस बात की है कि राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च स्थान पर रखते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की तरह वह भी अपने देश के हितों को सबसे ऊपर रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपको (डोनाल्ड ट्रंप) व्हाइट हाउस में वापस देखकर खुशी हो रही है। वह भारत के 140 करोड़ लोगों की ओर से उन्हें बधाई दे रहे हैं। भारत के लोगों ने मुझे तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में काम करने का मौका दिया है। इस कार्यकाल में वह अगले चार वर्ष तक आपके साथ मिलकर काम करेंगे। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपके पहले कार्यकाल के दौरान हमारे संबंध प्रगाढ़ रहे। अब हम उसी बंधन, समान विश्वास और समान उत्साह के साथ और तेजी से आगे बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, "राष्ट्रपति ट्रंप अकसर मागा के बारे में बात करते हैं। भारत में, हम एक विकसित भारत की दिशा में काम कर रहे हैं। उसका अमेरिकी संदर्भ में अनुवाद मीगा है। और साथ में भारत-अमेरिका के बीच समृद्धि के लिए मेगा साझेदारी है।" इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में ट्रंप के भरोसेमंद साथी एलन मस्क से हुई मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा, " वाशिंगटन डीसी में हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें अंतरिक्ष, गतिशीलता, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे मुद्दे भी शामिल हैं। मैंने सुधार और 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' को आगे बढ़ाने की दिशा में भारत के प्रयासों के बारे में बात की।"

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचीं रांची



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर शुक्रवार को रांची पहुंचीं। रांची एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राजभवन पहुंचीं, जहां राज्यपाल समेत डीजीपी अनुराग गुप्ता, सिटी एसपी राजकुमार मेहता समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रात्रि विश्राम के लिए राजभवन में ठहरेंगी। उनकी सुरक्षा को लेकर राजधानी में विशेष इंतजाम किए गए हैं। राजभवन और उसके आसपास पुलिस सतर्कता बढ़ा दी गई है। शनिवार को सुबह 11:00 बजे राष्ट्रपति का काफिला राजभवन से बीआईटी मेसरा पहुंचेगा, जहां वे बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान वे संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित रिसर्च एग्जिबिशन कम डिस्प्ले का उद्घाटन भी करेंगी। कार्यक्रम के उपरांत वे सीधे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था के तहत राजधानी में नौ आईपीएस, 22 डीएसपी, 60 इंस्पेक्टर और 2,500 जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा, शुक्रवार को राजभवन से बीआईटी मेसरा तक सुरक्षा अभ्यास (कारकेड रिहर्सल) किया गया, जिसमें 30 से अधिक वाहन शामिल थे, जिनमें वार्निंग कार, एंबुलेंस, वज्रवाहन और फायर ब्रिगेड भी शामिल थे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने की मुलाकात, विभिन्न विषयों पर की चर्चा



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शुक्रवार को राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर राष्ट्रपति से विस्तृत चर्चा की। भेंट के क्रम में राज्यपाल ने राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

## आयकर विधेयक. स्पीकर ने प्रवर समिति का किया गठन



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आयकर विधेयक 2025 की गहन समीक्षा के लिए 31 सदस्यीय प्रवर समिति (सेलेक्ट कमिटी) का गठन किया है। इस समिति का नेतृत्व सांसद बैजयंत पांडा करेंगे। यह समिति विधेयक के विभिन्न प्रावधानों, उनके प्रभाव और संभावित सुधारों का अध्ययन कर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी। इस 31 सदस्यीय समिति में विभिन्न दलों के सांसदों को शामिल किया गया है, जिनमें भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी, डीएमके सहित अन्य दलों के प्रतिनिधि हैं। इनमें मुख्यतः बैजयंत पांडा (अध्यक्ष), डॉ. निशिकांत दुबे, जगदीश शेट्टार, पीपी चौधरी, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, महुआ मोइत्रा, सुप्रिया सुले, भर्तृहरि महताब, नवीन जिंदल, अनुराग शर्मा, एनके प्रेमचंद्रन और रवींद्र दत्तराम वायकर शामिल हैं। इसके अलावा समिति में सुधीर गुप्ता, अनिल बलूनी, राजू बिस्ता, एटाला राजेंदर, विष्णु दयाल राम, मुकेश कुमार चन्द्रकान्त दलाल, शशांक मणि, बेनी बेहनन, विजयकुमार (विजय वसंत), डॉ अमर सिंह, गोवाल कागडा पदवी, मोहम्मद रकीबुल हुसैन, लालजी वर्मा, अधिवक्ता प्रिया सरोज, डॉ कलानिधि वीरस्वामी, दग्गुमल्ला प्रसाद राव, कौशलेन्द्र कुमार, अरविन्द गणपत सावंत और रिचर्ड वानलालहमंगइहा को शामिल किया गया है। दरअसल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में आयकर विधेयक 2025 को संसद में पेश किया था और इसे गहन समीक्षा के लिए लोकसभा अध्यक्ष से चयन समिति को भेजने का अनुरोध किया था। समिति को अगले संसदीय सत्र के पहले दिन अपनी रिपोर्ट पेश करनी होगी। इस विधेयक का उद्देश्य वर्तमान आयकर कानून को अधिक सरल, प्रभावी और करदाताओं के लिए अनुकूल बनाना है। सरकार ने बताया कि नया विधेयक मौजूदा कानून से लगभग 50% छोटा होगा और इसमें प्रावधानों को अधिक स्पष्ट व संक्षिप्त बनाया जाएगा, जिससे मुकदमेबाजी में कमी आएगी।

## मोदी समाज, बंगाली समाज, माहुरी समाज, पंजाबी समाज, अग्रवाल समाज ने पखारे पांव

# जैन मुनि 108 प्रांजल सागर 14 साल बाद पहुंचे जन्मभूमि झुमरीतिलैया



**कोडरमा।** रमता जोगी बहता पानी के कहावत के अनुसार झुमरीतिलैया में जन्मे अखिलेश भैया 14 वर्षों बाद जैन मुनि 108 प्रांजल सागर जी महाराज बनकर अपने दीक्षा गुरु आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी महामुनिराज के साथ संघ सहित झुमरीतिलैया की धर्म नगरी में मंगल आगमन हुआ। भक्त जनों में कोडरमा के गौरव जो 14 वर्षों के बाद जन्म नगरी में आने की खुशी से मन हर्ष से पुलकित हुआ। जैन समाज के सैकड़ो पुरुष, बच्चे, महिलाएं के साथ युवा श्वेत ओर केशरिया पारंपरिक परिधान में गुरुदेव की अगवानी के लिए पहुंचे। विभिन्न चौराहे पर मोदी समाज, बंगाली समाज, माहुरी समाज, पंजाबी समाज, अग्रवाल समाज ने गुरुदेव के चरण पखारे ओर आरती की। इस शोभायात्रा में गुरुदेव के साथ सैकड़ों भक्त, ताशा पार्टी, बैंड बाजा, जैन स्कूल बच्चों का बैंड, महिलाओं की कलश यात्रा, जैन धर्म का ध्वज और जैन धर्म के जयकारों के साथ पूरे शहर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बन गया। सभी एक ही जयकारा लगा रहे थे कि हर मां का लाल कैसा हो प्रांजल सागर जैसा हो आदि नारा लगा कर शहर को गुंजायमान कर दिया।

साथ ही छोटे ग्रुप बनाकर महिलाएं तरह तरह के स्लोगन ले कर स्वागत किया। साथ ही महिला बालिकाएं डांडिया नृत्य के साथ हाथ में गैस के गुब्बारे के साथ महिलाएं हाथ में जैन धर्म का झंडा लेकर अपनी भक्ति को प्रदर्शित कर रहे थे। गुरुदेव नगर भर्मण कर बड़ा मंदिर स्टेशन रोड पहुंचे जहां पर सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने गुरुदेव के चरणों को धोया और अपने माथे पर लगाया। मुनि श्री ने मूलनायक 1008 श्री पारस नाथ भगवान के दर्शन कर धर्मसभा को संबोधित किया। अमृतमय प्रवचन मे गुरुदेव ने कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए व्यवहार को बदलना होगा। व्यक्ति अच्छाइयों का खजाना होता है लेकिन अपने दिमाग को खराब कार्यों में ज्यादा लगता है। इस कारण उसकी अच्छाई और योग्यता नजर नहीं आती है। वृक्ष यदि सूख रहा है तो पत्तों को नहीं जड़ों को देखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज, महिला समाज, जैन युवक समिति के साथ सभी भक्तों ने अपना योगदान दिया। यह जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी जैन राजकुमार अजमेरा और नवीन जैन ने दी।



# 351 कन्याओं की सामूहिक विवाह की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिले में कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के सचिव विकास कुमार माली एक ऐतिहासिक पहल करने जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन किया है, जिसकी तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। दानरो नदी छठ घाट पर शादी को लेकर भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। इसके निरीक्षण को लेकर पहुंचे विकास माली ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस भव्य आयोजन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी विधायक कल्पना सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो सकती हैं। इस संबंध में जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जायेगी, क्योंकि इसको लेकर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर से लगातार चर्चा हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि विवाह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और इसे सफल बनाने के लिये सभी कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। आयोजन के तहत होने वाले कार्यक्रमों का क्रम भी पूरी तरह निर्धारित कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि कन्या विवाह सिर्फ दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और समाज के एकजुट होने का पवित्र बंधन है। सामूहिक विवाह आयोजनों से न केवल सामाजिक समरसता बढ़ती है, बल्कि यह गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिये भी किसी वरदान से कम नहीं। ऐसे आयोजन समाज में सामूहिक सहयोग, सद्भाव और एकता का संदेश देते हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### कैदी भागने के मामले में तीन जवान निलंबित

**मेदिनीनगर :** जिले में तीन पुलिस जवानों को निलंबित किया गया है। तीनों जवानों पर ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप है। निलंबित होने वाले तीनों जवान मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के कैदी वार्ड की सुरक्षा में तैनात थे। निलंबित होने वाले तीनों जवानों की जगह कैदी वार्ड की सुरक्षा में दूसरे जवानों को तैनात किया गया है। मालूम हो कि सात फरवरी को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के कैदी वार्ड से हत्या का आरोपी ऋषिकेश दुबे फरार हो गया था। इस मामले में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की गयी थी। जांच रिपोर्ट में तीनों जवानों की लापरवाही सामने आयी थी। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने भी गुरुवार को कैदी वार्ड का जायजा लिया था। पूरे मामले में अस्पताल से फरार होने वाले आरोपी के ससुर के खिलाफ भी जांच की जा रही है। आरोपी का ससुर भी जेल की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात है।

### एसपी ने स्टेडियम का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** शहीदों की स्मृति में मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित होने वाले अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनार्मेंट को लेकर पुलिस अधीक्षक सह टूनार्मेंट की अध्यक्ष रीष्मा रमशेन अपने दल के साथ शुक्रवार शाम ग्राउंड का निरीक्षण किया। आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ पूरे स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने बाकी बचे कार्यों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए एवं टूनार्मेंट के आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए कई निर्देश भी दिए। इस अवसर पर फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने हर विभाग के कार्यों के बारे में बताया।

## स्वास्थ्य ▶ निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को मिली एनएबीएच की मान्यता

# पलामू क्षेत्र के लिए गर्व की बात है : डॉ प्रवीण सिद्धार्थ

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** नेशनल एक्रीडिएशन बोर्ड फोर हॉस्पिटल एंड हेल्थ केयर प्रोवाईडर (एनएबीएच) ने पलामू जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर में संचालित निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर को मान्यता प्रदान की है। पलामू परिसदन के ठीक सामने स्थित निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर को मान्यता मिलने की जानकारी देते हुये निदेशक सह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि अस्पताल में विश्व में उपलब्ध उत्कृष्ट मानक के साथ सेवा देने की पहल शुरू की गई है। राष्ट्रीय मानक एजेंसी एनएबीएच ने इसे मान्यता दी है। इससे उत्साह बढ़ा है। उनका प्रयास है कि अपनी



जन्मभूमि सिटी में महानगर मल्टी-स्पेशलिटी सुविधा वाले अस्पतालों के समकक्ष सुविधा आम नागरिकों को उपलब्ध कराएं। इससे अपेक्षाकृत कम खर्च में उत्कृष्ट सेवा का लाभ मरीज उठा सकेंगे। अस्पताल परिसर में शुक्रवार को प्रेस से बातचीत में डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि यह मेदिनीनगर का पहला हॉस्पिटल है जिसे नेशनल अस्क्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर प्रोवाईडर (एनएबीएच) के अपने देशव्यापी सूची में शामिल कर लिया है। अस्पताल की उपलब्धि के बारे में विस्तार से बताते हुये डॉ सिद्धार्थ ने कहा कि एनएबीएच अस्पतालों में मिलने वाले ईलाज की गुणवत्ता का एक विश्वस्तरीय मानक है जिसे पाने के लिये किसी भी अस्पताल को बहुत सारे मानदंडों पर खरा उतरना होता है। मरीजों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं की ब्यूरो की एक्सपर्ट टीम कड़ाई से जांच पड़ताल करती है। सैकड़ों मानकों पर खरा उतरने के बाद ही किसी अस्पताल को एनएबीएच का सर्टिफिकेट मिलता है। यह सिर्फ निर्मला अस्पताल के लिये ही नहीं बल्कि पूरे पलामू क्षेत्र के लिए गर्व और संतोष की बात है कि इस अब इलाके में उच्च गुणवत्ता के ईलाज की गारन्टी देने वाला अस्पताल मौजूद है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण यह है कि निर्मला अस्पताल को अपनी स्थापना से दो वर्ष के अंदर ही एनएबीएच की मान्यता मिल गई है। अस्पताल के भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुये डॉ सिद्धार्थ ने कहा कि मरीजों की पूर्ण संतुष्टि के लिये सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। अभी तक के छोटे से कार्यकाल में हमने सैकड़ों की संख्या में मरीजों का घुटना, कुल्हा, कोहनी, कंधा जैसे जटिल जोड़ों का पूर्ण प्रत्यारोपण किया है जो कि बहुत ही खराब स्थिति में आ गये थे। इसी हफ्ते एक 80 साल के बुजुर्ग का दोनों घुटना सफलता पूर्वक बदला गया है। अक्सर लोग ऐसे मरीजों को इधर उधर की सलाह से दर्द की दवाइयां या इंजेक्शन दिलाते रहते हैं जिससे कि उन्हें दूसरे किडनी और लिवर संबंधी रोग जकड़ लेते हैं। हमने मरीजों की दिक्कतों का जड़ से ईलाज करने पर फोकस किया है जिसे अब एनएबीएच की मान्यता मिलने के बाद और भी आगे ले जाने का प्रयास किया जायेगा। यहां हड्डी रोगों के अतिरिक्त स्पाईन और मस्तिष्क संबंधी चोट, चर्म रोग, दंत चिकित्सा और सामान्य सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर फिजियोथेरेपीस्ट डॉ अमित कुमार, हॉस्पिटल के एचआर हेड संतोष नारायण और अन्य नर्सिंग स्टाफ मौजूद थे।

## पीएलवी ने कैंसर पीड़ित का बनवाया आयुष्मान कार्ड



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने जिले के रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत के विभिन्न गांव का भ्रमण कर डोर टू डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान भुनेश्वर उरांव ने जमीनी विवाद का सनहरा दर्ज कराया था। जिसके आलोक में राजनाथ उरांव को 17 फरवरी को डीएलएसए गढ़वा में हाजिर होने का नोटिस दिया गया। जनसंपर्क के दौरान पीएलवी राजेश को सूचना मिली कि बाइसप्लाट निवासी हरिहर चौधरी का पुत्र महेंद्र चौधरी इन दिनों लीवर कैंसर से पीड़ित हैं। जिसके बाद पीएलवी ने रंका प्रभारी डॉ असजद अंसारी से दूरभाष पर बात कर पीड़ित को सदर अस्पताल गढ़वा के चिकित्सक से परामर्श लेने की बात कही। जांच के बाद पता चला कि पीड़ित के लीवर में बड़ी मात्रा में इन्फेक्शन हो गया है। हरिहर चौधरी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव को लिखित आवेदन देकर चिकित्सा उपलब्ध कराने की बात कही। पीएलवी राजेश ने तत्परता दिखाते हुये तत्काल पीड़ित का आयुष्मान कार्ड बनवाया। जिसमें अब उनका पांच लाख तक का निःशुल्क इलाज हो सकेगा। वहीं हरिहर चौधरी का पेंशन नहीं मिलता था। जिनका फॉर्म भर कर आगे की प्रक्रिया तेज कर दी गई हैं। मौके पर रामप्रवेश प्रसाद, प्रकाश पासवान, शंभू चौधरी, अमृता कुमारी, किरण देवी, रीमा देवी, असरिता कुमारी, रानी कुमारी, सुशीला देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## छात्रा का शारीरिक शोषण, एफआइआर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पिपरा प्रखंड की दलपतपुर पंचायत में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय भितिहा की अनाथ नाबालिक छात्रा से शारीरिक शोषण को लेकर शुक्रवार को 8 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया गया। पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता और छात्रा के परिजन एवं ग्रामीणों ने प्रदर्शन के दौरान जमकर हंगामा किया। मामले में गंभीरता देखते हुए छात्रा की बीती रात ही एमआरएमसीएच में मेडिकल जांच की गयी। शुक्रवार को इस संबंध में पोक्सो सहित अन्य धाराओं में पिपरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस छानबीन में जुटी है। वार्डन चंदा कुमारी ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 10 में पढ़ने वाली एक छात्रा लगभग 10.30 बजे विद्यालय से जन वितरण प्रणाली की ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगाने की बात कह अपने परिचित के साथ विद्यालय से बाहर निकली थी। बाद में अपराह्न करीब दो बजे वापस स्कूल लौटी। वहीं सूचना पाकर छात्रा के परिजन जब विद्यालय पहुंचे तो लौटने पर उसकी हालत ठीक नहीं थी। वह नशे की हालत में लग रही थी। कुछ भी नहीं बता पा रही थी। छात्रा के माता-पिता जीवित नहीं हैं। मामले को गंभीरता को देखते हुए अभिभावकों तथा ग्रामीणों ने छात्रा के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए विद्यालय के बाहर पिछले 24 घंटे के दौरान करीब आठ घंटे तक प्रदर्शन किया। घटना की सूचना पाकर छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, डीएसपी अवध प्रसाद यादव, डीइओ सौरव प्रकाश, बीडीओ बिनय कुमार व थाना प्रभारी नकुल शर्मा ने विद्यालय जाकर मामले की जानकारी ली। इस मामले में छात्रा की चाची ने पिपरा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है, जिसमें धारा बीएनएस 65 (1) तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले के अनुसार छात्रा को सुल्तानी निवासी रंजन सिंह स्कॉर्पियो से विद्यालय के बाहर छोड़कर फरार हो गया।

## लोग श्रीराम के बताये रास्ते पर चलें : नामधारी

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** बारालोटा पांकी रोड स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ शुक्रवार से शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी गिरजा शंकर तिवारी व संचालन महायज्ञ के सचिव सह समाजसेवी ब्रजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू तिवारी व अजित तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के प्रथम स्पीकर इंदर सिंह नामधारी सायंकालीन सत्र मे शामिल हुये। महायज्ञ समिति एवं मंदिर ट्रस्ट समिति के



पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रथम स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि सदाग्रंथ श्रीरामचरित मानस के संदेशों को आत्मसात करने से ही महायज्ञ आयोजन का सार्थक होगा। प्रभु श्रीराम के आदर्श जीवन चरित्र से सीख लेने की जरूरत है।जब लोग भगवान राम के बताये रास्ते पर चलेंगे, तभी सुंदर समाज का निर्माण होगा। समाज में आपसी प्रेम भाईचारा एवं एकता बनी रहे, इसके लिये प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्र से प्रेरणा लेना चाहिये। अधिवक्ता बलराम तिवारी ने समिति के कार्यों की सराहना किया। आयोजन समिति के महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी गिरजा शंकर तिवारी, सचिव सह समाजसेवी ब्रजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू तिवारी, रविंद्र तिवारी, श्यामलाल तिवारी, विजय तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, अजीत कुमार तिवारी, मिथिलेश तिवारी, नित्यानंद तिवारी, लव तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी, विद्या तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी उर्फ सोनू, शैलेश तिवारी, प्रेमतोश पांडेय, लाला तिवारी आदि भक्तजन मौजूद थे।

## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिद कब्रिस्तान एवं अपने घरों में लाइटों से सजाया

# आपसी भाईचारे व अकीदत के साथ मनाया गया शब ए बारात

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को शब ए बारात आपसी भाईचारे व अकीदत के साथ मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के श्री बंशीधर नगर, चेचरिया, बरडीहा, कधवन, कोइन्दी, कुशडण्ड, हुलहुला, सोनबरसा सहित कई गांवो में शब ए बारात का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। गुरुवार की शाम में ही शब



ए बारात की इबादत शुरू हो गई थी। सभी मुस्लिम समुदाय के लोग अपने-अपने घरों में फातिहा खानी करते हैं, मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिद कब्रिस्तान एवं अपने घरों को चाईनीज लाईटों द्वारा खूबसूरत तरीके से सजाया गया था जो काफी आकर्षक लग रहा था। बरडीहा मस्जिद में मिलाद शरीफ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाफिज अब्दुल हकीम अंसारी ने कहा कि शब ए बारात की रात में हर सख्श को कुरान ए पाक की तिलावत में समय गुजारना चाहिये। शब ए बरात की रात में सभी लोग नमाज अदा करते हैं और महिलाएं अपने घरों में इबादत किया करती हैं। उन्होंने कहा कि नवाफिल की नमाज अदा कर अल्लाह से आपसी भाईचारे, मिल्लत एवं सलामती आपसी एकता और सौहार्द की दुआएं मांगी गई। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने कब्रिस्तान में अपने पुरखों के कब्र पर अगरबत्ती जलाकर फतिया भी पढ़ा। मौके पर सरपरस्त शमीम खान, युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर, व्यवसायी आमीन खान, मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना पैगाम राजा, मौलाना अब्दुल कादिर, मौलाना आबिद हुसैन, फुलटून खान, खुर्शिद खान, अख्तर खान, बरडीहा सदर मुश्ताक अहमद शेख, सलीम अंसारी, डॉ रिजवान अहमद, राकिब अनवर, मुस्तकीम अंसारी, रईस अंसारी, दिलशाद अहमद, साजिद रजा, अफरोज, गुलाम, इंतजार, मकसूद, असलम अहमद रजा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रिक्शा चालक की हत्या

**मेदिनीनगर।** एक रिक्शा चालक की उसके घर के समीप हत्या करने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। जख्मी हालत में वह मदद के लिए घर के बाहर चिल्लाता रहा, लेकिन शराबी समझकर किसी ने उसकी मदद नहीं की। सूचना मिलने पर शुक्रवार को पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज रेलवे लाइन से सटे इलाके की है। इस संबंध में शहर थाना में अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। रिक्शा चालक की पहचान आबादगंज रेलवे लाइन के पास रहने वाले 35 वर्षीय राकेश कुमार के रूप में की गयी है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार ने बताया कि मृतक के शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। उसके पैर टूटे हुए थे और जांघ में दो छेद मिले। नुकीले हथियार से हमला किया गया था। हमलावरों ने राकेश को मारने के बाद रेलवे पटरी के किनारे बने नाले में फेंक दिया था। घटना रात करीब एक से डेढ़ बजे की है। राकेश ने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन मुहल्लेवालों ने उसे शराब पीकर हंगामा करने वाला समझ लिया और कोई मदद को नहीं आया। घायल राकेश किसी तरह नाले से बाहर निकला और किसी तरह अपने घर तक पहुंचा, जहां उसने दम तोड़ दिया। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में उसके घिसटते हुए जाने का फुटेज मिला है। रास्ते में खून के निशान भी मिले हैं। अधिक खून बहने से उसकी मौत होने की बात कही जा रही है।



# सतबहिनी झरना तीर्थ में मानस महायज्ञ की रजत जयंती समारोह शुरू

**बंशीधर न्यूज**

**कांडी :** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित 25 वें मानस महायज्ञ सह रजत जयंती समारोह की शुक्रवार की विधिवत शुरूआत की गई। इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित श्याम बिहारी वैद्य के नेतृत्व में याज्ञिक पुरोहितों की टोली के द्वारा पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं मंत्र शक्ति से अग्नि देव को प्रकट किया गया। इसके साथ ही 33 कोटि आवाहित देव शक्तियों का आवास माना जाने वाले यज्ञ मंडप की परिक्रमा शुरू हो गई। जबकि श्रीधाम वृंदावन से पधारे विनोद गौरव शास्त्री की टोली के द्वारा संगीतमय मानस पाठ भी शुरू कर दिया गया। इस मौके पर मंत्र शक्ति से अग्नि प्राकट्य एवं संगीतमय सुमधुर मानस पाठ को देखने के लिये श्रद्धालु जमे रहे। जबकि आज प्रथम दिन होने के कारण थोड़े विलंब से ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इससे पहले ज्ञानपीठ का महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री महंत प्रेम शंकर दास जी महाराज के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। जबकि व्यास पीठ की समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद प्रवचन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इससे पूर्व वर्ष 2024 से 2025 के यज्ञायोजना के बीच की अवधि में इहलोक छोड़ कर महाप्रयाण कर चुके लोगों की स्मृति में तमाम प्रवक्ताओं ने संगीतकार टोली एवं श्रद्धालु श्रोताओं ने खड़े होकर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये प्रार्थना की। तात्कालिक घटना के रूप में मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के पूर्व संयोजक एवं वर्तमान सदस्य तथा संचालक प्रियरंजन सिन्हा के युवा पत्रकार पुत्र आशुतोष रंजन के निधन को लेकर सैकड़ो आंखें नम हो गईं। आज के प्रवचन सत्र में चित्रकूट से पधारी राजकुमारी देवी, श्रीधाम वृंदावन के विनोद गौरव शास्त्री एवं अयोध्या धाम से पधारे आचार्य अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य के द्वारा प्रवचन प्रस्तुत किया गया। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। संध्या बेला में आरती के साथ प्रवचन सत्र को विश्राम दिया गया।

## न्यूज अपडेट्स

### डगरा पिकेट में तैनात जैप हवलदार की मौत

**मेदिनीनगर :** नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जैप 8 के एक हवलदार की मौत हो गयी। मृतक हवलदार छोटन राम गढ़वा के रहने वाले थे। छोटन राम पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के डगरा पिकेट में तैनात थे। गुरुवार की रात तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें छतरपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद मृतक हवलदार के शव को पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद लेस्लीगंज स्थित जैप 8 के मुख्यालय में छोटन राम को सलामी दी जायेगी। छोटन राम पिछले छह महीने से पिकेट में तैनात थे और नक्सल विरोधी अभियान में हिस्सा ले रहे थे। गुरुवार की देर रात उन्होंने बेचौनी और तबीयत खराब होने की शिकायत की। एसोसिएशन के पदाधिकारी के द्वारा पुलिस केन्द्र पलामू में सलामी एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई सलामी कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक / सार्जेंट मेजर सुरेश राम पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, सचिव लालू उरांव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, अंकेक्षक सुनील कुमार, एमटि सार्जेंट विमल कुमार चंद्रवंशी, जीपी सर्जेंट मेरी खलखो, नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर नागेंद्र चौधरी जैप 8 के कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, अंकेक्षक सिकंदर कुमार, केंद्रीय सदस्य द्वारिका प्रसाद महतो, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोज शर्मा, ओमप्रकाश, प्रदेश संयोजक जसवंत कुमार पांडेय एवं सतीष कुमार शुक्ला पुलिस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार सिंह साथ-साथ पुलिस केंद्र पलामू के पदाधिकारी एवं बहुत सारे जवान उपस्थित थे।

**अध्यात्म** सुबह से ही यज्ञशाला की परिक्रमा कर रहे श्रद्धालु

# मां चतुभुर्जी मंदिर में भव्य शतचंडी यज्ञ का शुभारंभ

**बंशीधर न्यूज**

**केतार :** मां चतुभुर्जी मंदिर प्रांगण में गुरुवार को कलश स्थापना के बाद काशी वाशी श्री श्री 108 श्री रामेश्वर दास जी महराज के तत्वावधान में भव्य शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। शुक्रवार को काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह से ही पहुंच कर यज्ञशाला की परिक्रमा कर पूजा अर्चना किया। यहां काशी से आये यज्ञाचार्य महेंद्र दुबे के द्वारा किये जा रहे मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालुओं के द्वारा श्री श्री 108 श्री महंत रामेश्वर दास जी महराज का आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात सैकड़ों लोगों ने चौबीस घंटे चल रहे भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं संध्या बेला में वृंदावन से आयी कथावाचिका देवी



प्रतिभा का प्रवचन सुनने हजारों कि संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु कि भीड़ उमड़ रही है। श्रीमद भागवत कथा के पश्चात रात्रि में बृंदावन से आये रासलीला कलाकारों के द्वारा भव्य कलाकृतियों को दिखाया जा रहा है। यहां यज्ञ परिसर में लगे प्रसाद, श्रृंगार, खिलौने, मिठाई की दुकानें एवं झुले में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ रही है। यह यज्ञ परिसर मेले में तब्दील हो गयी है। महायज्ञ को लेकर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिये अलग रूट से प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार बनाया गया है। साथ ही महायज्ञ परिसर में ही वाहन पड़ाव, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, आदि की व्यवस्था की गयी है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी, सब इंस्पेक्टर आदित्य कुमार ठाकुर, चंदन साहा अपने पुलिस दलबल के साथ लगातार गस्ती कर रहे हैं। मौके पर महायज्ञ कमिटी के राजीव रंजन तिवारी, प्रमोद शुक्ला, हेमंत पाठक, राम बिचार साहू, प्रमोद कुमार, लल्लू पाल, सुरेश कुमार, कन्हाई प्रसाद, राम प्रवेश ठाकुर, पप्पू पटेल, बिंदू राम आदि लोग उपस्थित थे।

## दिवंगत पत्रकार के परिजनों से मिले महामंडलेश्वर, दी सांत्वना

**बंशीधर न्यूज**

**कांडी :** विद्या कुंड श्रीराम धाम अयोध्या के महामंडलेश्वर महंत श्री श्री 1008 श्री प्रेमशंकर दास जी महाराज ने दिवंगत युवा पत्रकार आशुतोष रंजन के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें शास्त्रीय दृष्टांतों के साथ सांत्वना दी। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों द्वारा आयोजित 25 वें मानस



महायज्ञ का महामंडलेश्वर जी महाराज नेतृत्व कर रहे हैं। यज्ञ स्थल से ही समिति अध्यक्ष सह विधायक नरेश प्रसाद सिंह व अन्य लोगों के साथ पधारे महाराज जी ने कहा कि केशव चाहते तो अभिमन्यु को युद्ध में जाने से रोक सकते थे। लेकिन उन्हें मालूम था कि अभिमन्यु व अर्जुन का साथ आज ही तक है। अतः प्रारब्ध को स्वीकार करना ही पड़ता है। आशुतोष ने इतनी ही उम्र अपनी कीर्ति पताका फहरा दी है। जिस कारण आज आप ही नहीं पूरे जिले व प्रमंडल के लोग मर्माहत हैं। उसके वियोग से उत्पन्न शोक की छाया जब महायज्ञ पर स्पष्ट देखी गई तो और क्या कहा जा सकता है। उन्होंने आशुतोष के पिता को धैर्य धारण करते हुये उनके इन बच्चों में आशुतोष को देखने की नसीहत दी। आपकी जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है अतः अपने मनोबल को मजबूत करें। सारे लोग आपके साथ हैं। उन्होंने पूरे परिवार को अपने हाथों महाप्रसाद प्रदान किया। मौके पर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पं मुरलीधर मिश्र, अरुण कुमार सिंह, धनंजय सिंह, नवल किशोर तिवारी, नंदलाल दुबे, जय किशुन राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आदिम जनजाति के लोग गंदे तालाब का पानी पीने को मजबूर



**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत के लहराहा टोला के आदिम जनजाति के लोग गंदे तालाब के पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि टोला पर पांच चापाकल है लेकिन दो चापाकल का पाईप फटा हुआ है और दो चापाकल बिल्कुल खराब पड़ा हुआ है और एक चापाकल तो चालू है लेकिन ग्रामीण का कहना है कि उसमें लाल पानी देता है। ग्रामीण कुछ दूरी पर स्थित तालाब का पानी पीने को विवश हैं। जिस तालाब से ग्रामीण अपनी प्यास बुझा रहे हैं, उसी तालाब में पालतू जानवर भी पानी पीते हैं। इसी तालाब में ग्रामीण नहाने, कपड़ा धोने का काम करते हैं। टोला की आबादी 500 है। ग्रामीण उपेंद्र कोरवा, नंदकिशोर कोरवा ने बताया कि एक माह से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। गांव के किसी जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। तालाब का गंदा पानी से प्यास बुझा रहे हैं। मौके पर सुरेंद्र कोरवा, ब्रह्मदेव कोरवा, महेंद्र कोरवा, कलावती कुंवर, सुबचनी देवी, शांति देवी, कमला देवी आदि मौजूद थे। इस संबंध में बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। खराब पड़े चापाकल को जल्द ठीक कराया जायेगा।

## एसडीओ ने सड़क को अवरोध मुक्त करने का दिया निर्देश

**भवनाथपुर :** एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, अध्यक्ष वीरेंद्र साह, सचिव रामविजय साह को मेसर्स सेल भवनाथपुर के प्रशासनिक भवन के गेट पर किये जा रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान अवरूद्ध किये गये सड़क को अवरोध मुक्त करने का निर्देश दिया है। उल्लेख किया गया है कि उप महाप्रबंधक (खान), सेल, भवनाथपुर खदान समूह के पत्रांक 133 दिनांक 12.02.2025 से सूचित किया गया है कि विस्थापित संघर्ष समिति भवनाथपुर के द्वारा सेल भवनाथपुर खदान समूह के क्रेशर प्लांट के निलामी के पश्चात कटिंग के विरोध में मेसर्स सेल भवनाथपुर के प्रशासनिक भवन के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है एवं सड़क को अवरूद्ध कर दिया गया है। विदित हो कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के आदेशानुसार किसी भी परिस्थिति में सड़क को अवरूद्ध नहीं किया जाना है। सड़क अवरूद्ध किये जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई किये जाने का निर्देश है। प्राप्त पत्र के आलोक में निर्देश है कि मेसर्स सेल, भवनाथपुर के प्रशासनिक भवन के अवरूद्ध किये गये सड़क को अविलम्ब अवरोध मुक्त करना सुनिश्चित करेंगे।

## एक माह बाद ही सड़क के कलभर्ट निर्माण में पड़ी दरार

# कभी भी बड़े हादसे की संभावना बढ़ी

**जितेंद्र यादव**

**डंडई :** जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये सरकार द्वारा जो विकास कार्य किये जाते है उनमें भ्रष्टाचार होना कोई नई बात नहीं है। लेकिन निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार इतना आम हो चुका है कि लाखों करोड़ो की योजनाओं का निर्माण कार्य होते ही टुटने लगते हैं और वह स्वयं ही निर्माण के दौरान हुये भ्रष्टाचार की गवाही देते हैं। कुछ इस तरह का मामला प्रखंड के सोनेहरा से करके भाया हारादाग तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत



सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान करके बगही बांध के पास करीब एक माह पूर्व बना कलभट में दरार पड़ गई। जिससे लोगों को दुर्घटना होने की भय बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया से प्रतिदिन वाहनों का आवागमन होते रहता है। महज एक माह पूर्व बनी पुलिया में दरार पड़ जाना सड़क व पुलिया निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा है। पुलिया में पड़ी इन दरारों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की इस पुलिया निर्माण के दौरान घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है। जिसके वजह से एक माह पहले बनायी गई पुलिया में तीन से चार जगह बड़े बड़े दरार आ गई है। मापदंड पालन निर्माण के दौरान नहीं किये जाने से ही आज भ्रष्टाचार के सबूत सामने दिखाई दे रहे हैं। पुलिया की हालत ऐसी नहीं है की वे पुलिया से गुजरने वाले भारी वाहनों के भार को झेल सके। घटिया निर्माण के पोल अमूमन बारिश में खुलती है लेकिन यहां जैसे सारी हद पार कर निर्माण के महज कुछ दिन बाद ही खुल गई है। जब अभी ही पुलिया में दरारें आने लगी है तो बाद में यह कितना दिन चलेगा यह भगवान जाने। अगर उस पुलिया को समय रहते फिर से निर्माण नहीं कराया गया तो वह कभी भी ध्वस्त हो सकता है जिससे बड़ा हादसा से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीण कन्हाई प्रजापति, प्रमोद यादव, कृष्णा राम, रामदेव राम, रितेश कुमार, राशिद आलम, ललन यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने इसे जांच कर पनः पुलिया का निर्माण कराने की मांग की। इधर इस मामले में संवेदक से पक्ष लेने की कोशिश की गई पर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## ओरियंटल कोचिंग सेंटर में आशीर्वाद सह विदाई समारोह

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** ओरियंटल कोचिंग सेंटर हरैया में वर्ग दशम के विद्यार्थियों का आशीर्वाद सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में कोचिंग के संचालक से सम्मान मिलने के बाद सभी छात्र-छात्राएं भावुक हो गये। कार्यक्रम का उद्घाटन कोचिंग के संचालक पवन कुमार गिरी ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान संचालक ने बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनने के लिये प्रेरित किया।



साथ ही आने वाले बोर्ड परीक्षा में कैसे बेहतर करें उसके लिये भी गुरु मंत्र दिया। श्री गिरी ने बच्चों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा में एवं जीवन में आगे बढ़ाने की सलाह दी। कोचिंग निदेशक की ओर से बच्चों को प्रोत्साहित करने व इस पल को यादगार बनाने के लिये आशीर्वाद स्वरुप भेंट भी प्रदान किया गया। मौके पर अनुराग तिवारी, सनोज कुमार, रोहित कुमार, सुकेश विश्वकर्मा, आरती कुमारी, श्रेया कुमारी, अंशु कुमारी, विद्या कुमारी, अनिशा कुमारी, अंजू कुमारी सहित कोचिंग के कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मशहूर संगीतज्ञ व गायक विशाल ददलानी का एक्सीडेंट



प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक और संगीतकार विशाल ददलानी हाल ही में एक दुर्घटना में घायल हो गए हैं, जिसके कारण उन्हें अपना आगामी संगीत कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा है। विशाल का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बारे में सोशल मीडिया पर विशाल ने खुद एक पोस्ट कर इस खबर की पुष्टि की। विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते अपने फैंस को अपनी सेहत का अपडेट दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए यह जानकारी दी है, मेरा एक छोटा सा एक्सीडेंट हो गया है। मैं जल्द ही वापस आऊंगा। इसके अलावा इवेंट 'अर्बन शो' के आयोजकों ने भी सोशल मीडिया के जरिए फैंस को जानकारी देते हुए कहा है, ऱहमें यह बताते हुए दुख हो रहा है कि विशाल ददलानी के एक्सीडेंट के कारण 2 मार्च 2025 को होने वाला विशाल और शेखर का 'अर्बन शो म्यूजिक कॉन्सर्ट' स्थगित कर दिया गया है। फिलहाल उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने आगे लिखा, 'हम असुविधा के लिए माफी मांगते है और इस बात की तारीफ करते हैं कि आपने हमारी स्थिति समझी। अब कॉन्सर्ट को री-शेड्यूल किया जाएगा और हम जल्द ही एक नई कॉन्सर्ट डेट की घोषणा करेंगे। जिस-जिसने टिकट खरीदे हैं, उन सभी को हमारे टिकटिंग पार्टनर के जरिए पूरा रिफंड दिया जाएगा। आपके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद।

## रणवीर इलाहाबादिया मामले पर पंकज त्रिपाठी ने दी प्रतिक्रिया



रणवीर इलाहाबादिया का हालिया विवाद लगातार चर्चा का विषय बना है। जहां कुछ लोग उनके बयानों की कड़ी आलोचना कर रहे हैं, वहीं कुछ अन्य का मानना है कि इस तरह की बातों को नजरअंदाज किया जाना चाहिए। इस विवाद में कई लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं और सोशल मीडिया पर तीखी बहस चल रही है। इसे लेकर रणवीर इलाहाबादिया की भी जांच की जाएगी। दूसरी ओर समय रैना के सभी स्टैंडअप कॉमिडी शो रद्द कर दिए गए हैं। कई मशहूर हस्तियों ने भी इस पर टिप्पणी की है। इसी बीच बॉलीवुड के प्रभावशाली अभिनेता पंकज त्रिपाठी अपनी प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में एक साक्षात्कार में पंकज त्रिपाठी डिजिटल दुनिया में सेंसरशिप पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, सिर्फ. इसलिए कि आप पर कोई प्रतिबंध नहीं है, इसका मतलब यह नहीं है कि आप सार्वजनिक मंच पर अजीबोगरीब हरकतें कर सकते हैं। आपको मनोरंजन के नाम पर कुछ भी नहीं करना चाहिए। बकवास कहने में मजा लेना ठीक है, लेकिन बकवास कहने में गर्व महसूस करना ठीक नहीं है। ऐसा कुछ करने के बाद आप अक्सर खुद को मूर्ख महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, प्रसिद्धि, नाम और सोशल मीडिया दुनिया में कभी भी कुछ भी बदल सकता है। जब यह वायरल हो जाता है तो लोगों का ध्यान आकर्षित होता है। यह जितनी जल्दी आता है, उतनी ही जल्दी चला भी जाता है। सोशल मीडिया पर हमें बोलते समय बहुत सावधान रहना चाहिए क्योंकि हम कभी नहीं जानते कि हमारे शब्दों का किसी पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया राष्ट्रपति का स्वागत



# मोदी की माइकल वाल्ट्ज व एलन मस्क से वार्ता

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने अमेरिका दौरे के तहत कई उच्चस्तरीय बैठकों में शामिल हुए। गुरुवार को उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइकल वाल्ट्ज और टेस्ला व स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क से मुलाकात की। इन बैठकों में रक्षा, प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सेमीकंडक्टर और अंतरिक्ष सहयोग सहित कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।



माइकल वाल्ट्ज के साथ रक्षा और सुरक्षा पर चर्चाप्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर और भारतीय एनएसए अजीत डोभाल भी शामिल रहे। इस बातचीत में भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा हुई।

दोनों देशों ने रक्षा औद्योगिक सहयोग, असैन्य परमाणु ऊर्जा, आतंकवाद विरोधी रणनीतियों और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इसके अलावा, रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिए विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने माइकल वाल्ट्ज को भारत-अमेरिका संबंधों का प्रबल समर्थक बताते हुए कहा कि रक्षा, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा हमारे द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख स्तंभ हैं। एआई, सेमीकंडक्टर और अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

एलन मस्क के साथ नवाचार और टेक्नोलॉजी पर चर्चाएनएसए माइकल वाल्ट्ज के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ब्लेयर हाउस में टेस्ला और स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क से मुलाकात की। इस बैठक में एलन मस्क के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, वाशिंगटन डीसी में एलन मस्क के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने अंतरिक्ष, गतिशीलता, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे कई विषयों पर चर्चा की। बैठक में भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल उत्पादन, सौर ऊर्जा, स्पेस टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में संभावित सहयोग पर चर्चा हुई। मस्क ने भारत के नवाचार-उन्मुख दृष्टिकोण और न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन की नीति की सराहना की।

विवेक रामास्वामी से मुलाकात और आगामी कार्यक्रमएलन मस्क के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। रामास्वामी अमेरिका में नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस बैठक में भारत-अमेरिका के बीच स्टार्टअप्स और निवेश सहयोग के अवसरों पर बातचीत हुई।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी की आज देर रात ढाई बजे व्हाइट हाउस में मुलाकात करेंगे। इस महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता के दौरान व्यापार, टैरिफ, अप्रवासन और रक्षा सहयोग जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक के बाद दोनों नेता एक संयुक्त प्रेस स्टेटमेंट जारी करेंगे।

## यूपी के रास्ते अमेरिका से भी अच्छे होंगे : गडकरी

**लखनऊ।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन



गडकरी ने कहा कि मैं अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश को लाखों करोड़ की सड़क देना चाहता हूं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग पर लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश में एक हजार करोड़ के मार्गों की मंजूरी दे रहा हूं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जल, जंगल पर आधारित विकास करना और निवेश लाकर विकास करना, दोनों ही क्षेत्रों में ?विकास कार्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ गया है। मैंने एक वाक्य अपने आफिस में लिखकर रखा है, अमेरिका के रास्ते अच्छे हुए तो अमेरिका धनवान हुआ है। दो वर्ष में उत्तर प्रदेश के रास्ते अमेरिका से भी अच्छे होंगे। सुखी, समृद्ध उत्तर प्रदेश बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार और अपराध पर नियंत्रण कर रामराज्य स्थापित किया हुआ है। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी लखनऊ में 1028 करोड़ की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं कानपुर लखनऊ हाइवे से आया हूं। एआई एमजीसी का उपयोग कानपुर लखनऊ हाइवे पर हुआ है। जल्द इसे पूरा कर उद्घाटन करेंगे। मैं गारंटी देता हूं कि दस वर्षों तक कानपुर लखनऊ हाइवे पर गड्ढा नहीं होगा। गडकरी ने कहा कि आज मैंने मुख्यमंत्री योगी के सामने बात रखी है कि वाराणसी से कलकत्ता, गोरखपुर से सिलीगुड़ी के लाखों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एक ही दिन करेंगे।

**Hit लिस्ट**

## जवान ने की गोलीबारी, तीन जवानों की मौत

**इम्फाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में स्थित सीआरपीएफ शिविर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। सीआरपीएफ की 120वीं बटालियन के एक



जवान ने अपने दो साथियों पर गोली चला दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद जवान ने खुद को भी गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल स्थित सीआरपीएफ के शिविर में रात करीब साढ़े 8 बजे यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि आरोपित हवलदार संजय कुमार ने अपनी बंदूक से गोली चलाई जिससे एक कांस्टेबल और एक उपनिरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद कुमार ने खुद को भी गोली मार ली। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, गोलीबारी में घायल सीआरपीएफ के आठ अन्य जवानों को इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है।

## पाकिस्तान से भेजी गयी 30 किलोग्राम हेरोइन बरामद



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर स्थित सीमावर्ती क्षेत्र से 30 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। यह हेरोइन पाकिस्तान से पंजाब भेजी गई थी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने आज एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस साल नशीले पदार्थ की यह अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है। पुलिस महानिदेशक यादव के अनुसार, हेरोइन की यह खेप पाकिस्तान से भेजे गए ड्रोन के जरिए घरिंडा थाना क्षेत्र में गिराई गई। मुखबिर की सूचना पर अमृतसर देहात पुलिस ने हेरोइन को बरामद कर एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

**12 दिन पहले ही स्नानार्थियों की संख्या ने रचा कीर्तिमान, मानव इतिहास के किसी आयोजन में इतनी बड़ी संख्या में लोगों के सहभागी होने के प्रमाण नहीं**

# महाकुम्भ में सनातन धर्म का विराट दर्शन, श्रद्धालुओं की संख्या 50 करोड़ पार

**महाकुम्भ नगर।** तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम 'महाकुम्भ 2025' अब इतिहास रच चुका है। यहां अबतक पचास करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 50 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। इस विराट समागम का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां



आने वाले लोगों की संख्या से अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है। अमेरिका, रूस और पाकिस्तान जैसे देशों की जनसंख्या भी इतनी नहीं। वहीं महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की अबतक की संख्या (50 करोड़ पार) को देखा जाए तो केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं से अधिक है। जबकि अमेरिका, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नाइजीरिया, ब्राजील, बांग्लादेश, रूस और मैक्सिको की जनसंख्या भी इससे कहीं पीछे है। ये दिखाता है कि महाकुम्भ अब केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह सनातन धर्म के विराट स्वरूप का प्रतीक बन चुका है। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। बता दें कि उनका यह आंकलन बीते 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया था। वहीं शुक्रवार (14 फरवरी) को यह संख्या 50 करोड़ के ऊपर पहुंच चुका है। अभी महाकुम्भ में 12 दिन और एक महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष है। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की यह संख्या 55 से 60 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री वंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)